सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-6	विषय: बाल रामायण	पाठ: अयोध्या कांड

कक्षा 6

रामायण (अयोध्या कांड)

प्रश्न१) दशरथ ने राम का राज्याभिषेक करने का निश्चय क्यों किया?

उत्तर) राम का अपनी प्रजा के प्रति विशेष अनुराग था ।वे वृद्धों और तथा विद्वानों का सम्मान करते थे। राम सदा मधुर वचन बोलते तथा शांत चित्त स्वभाव के थे। वे सब के प्रति दया उदारता का व्यवहार करते थे। अयोध्या वासी भी राम को अपने प्राणों से अधिक चाहते थे। उनके इन गुणों को देखकर राजा दशरथ ने राम का राज्याभिषेक करने का निश्चय किया।

प्रश्न २) कैकेयी ने राजा दशरथ से कौन से दो वर माँगे?

उत्तर- कैकेयी ने राजा दशरथ से यह दो वर माँगे-

राम तपस्वी वेश में चौदह वर्ष तक वनवास में रहे तथा दूसरे वर में भरत को निष्कंटक युवराज पद सौंप जाएँ।

प्रश्न३) भरत चित्रकूट क्यों गए?

उत्तर - भरत राम को अयोध्या वापस लाने के लिए चित्रकूट गए।

प्रश्न ४) राम के अयोध्या न लौटने पर उन्होंने क्या किया?

उत्तर - राम के अयोध्या न लौटने पर भरत ने उनकी चरण- पादुकाओं को अयोध्या के राजसिंहासन पर स्थापित कर राम के प्रतिनिधि के रूप में शासन किया।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:-

१) रानी कैकेयी की दासी *मंथरा* थी।

२) कैकेयी ने राम ,लक्ष्मण और सीता के लिए *वल्कल* वस्त्र मँगाए।

३) *शृंगवेरपुर* में निषाद के राजा गुह ने उनका आदर -सत्कार किया।

४) महर्षि भारद्वाज ने उन्हें *चित्रकूट पर्वत* पर ठहरने की सलाह दी।

५) श्रवण कुमार की मृत्यु राजा दशरथ के *शब्दभेदी* बाण से हुई।

६) भरत अयोध्या से बाहर *नंदीग्राम* में रहने चले गए ।

७) वन गमन के *छठे दिन* राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए।

८) महर्षि वशिष्ठ की सलाह से राजा दशरथ का शव को *तेल से भरे* लोहे के कुंड में रखवा दिया गया।

९) केकयी राज से भरत *आठ दिन* बाद अयोध्या पहुँचे।

१०) वन में राम ने *इंगदी* के फलों से पिंडदान किया।

११) भरत को गंगा पार कराने के लिए गुह ने *पाँच सौ* नावें घाट पर मँगवाई।